# हो जा राम का दीवाना

हो जा राम का दीवाना,
मुझे इतनी शक्ति देदो राम,
तेरा नाम जपना नहीं छोडूँ,
बस हर बुराई को छोडूँ,
मगर तेरा नाम जपन नहीं छोडूँ,
मुझे इतनी शक्ति देदो राम,
तेरा नाम जपना नहीं छोडूँ,
राम जय राम,
बोलो सिया राम जय राम.......

निसदिन तेरा नाम जपना,
मेरी आदत ही बन जाए,
काम क्रोध और लोभ,
और मोह से जी मेरा घबराये,
मुख चुगली निंदा से मोडू,
मगर तेरा नाम जपना नहीं छोडू,
मुझे इतनी शक्ति देदो राम,
तेरा नाम जपना नहीं छोडूँ,
राम जय राम बोलो,
सिया राम जय राम बोलो राम.......

मन में आप बिराजो,
सदा रहे नैनो में छवि तुम्हारी,
तेरी लगन में ही बीते हो मेरी उमरिया सारी,
मैं तो झूठ से नाता तोडू,
राम जय राम,
बोलो सिया राम जय राम बोलो राम,
मगर तेरा नाम जपना नहीं छोडूँ,
मुझे इतनी शक्ति देदो राम,
तेरा नाम जपना नहीं छोडूँ……

दिल चाहे ताउम्र रहूं मैं तेरा ही सौदाई,
छल कपट मेरे निकट न आवे,
होठो पे रहे सच्चाई,
हां होठो पे सच्चाई,
तेरी भक्ति से रिश्ता जोडूँ,
मगर तेरा नाम जपन नहीं छोडू,
मुझे इतनी शक्ति देदो राम,
तेरा नाम जपना नहीं छोडूँ….

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29359/title/ho-ja-ram-ka-diwana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |